उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## सूचना / विज्ञप्ति

### वन टाइम रजिस्ट्रेशन( ओ0टी0आर0) के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना का प्रकाशन ओ0टी0आर0 में संशोधन की अनुमन्यता

संख्या–पीआरपीबी–व–1 / 1–2009(पार्ट– I I)विभिन्न ऐप / 2022 OTR दिनांक–सितम्बर , 2025

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा अभ्यर्थियों के व्यापक हित में चयन हेतु आवेदन करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक, सरल, पारदर्शी व सुगम बनाने की दृष्टि से "One Time Registration (OTR)" की प्रणाली दिनांक 31.07.2025 से लागू है।

2– अभ्यर्थियों द्वारा ओ0टी0आर0 में संशोधन (Modification) किये जाने का अवसर प्रदान किये जाने के विभिन्न स्तरों से प्राप्त हो रहे आग्रह के दृष्टिगत अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु ओ0टी0आर0 में संशोधन(Modification) किये जाने हेतु **मात्र एक अवसर** प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3– अभ्यर्थी द्वारा बोर्ड की वेबसाइट–https://uppbpb.gov.in/ पर इस निमित्त दिए गये लिंक https://apply.upprpb.in पर जाकर रजिस्टर्ड एकाउण्ट क्रेडेंशियल अथवा आधार आईडी अथवा डिजीलॉकर के माध्यम से अपने ओ0टी0आर0 एकाउण्ट में लॉगिन करके उसमें दिए गये Modify OTR Details टैब / सेक्शन में जाकर अपने विवरण को संशोधन (Modification) कर सकते हैं।

4– अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ओ0टी0आर0 फार्म में संशोधन करने हेतु **मात्र एक अवसर प्रदान किया गया है।** अतएव संशोधित ओ0टी0आर0 फार्म अन्तिम रूप से ''अपडेट'' किये जाने से पूर्व प्रत्येक खण्ड / टैब के अन्तर्गत अपना विवरण पूर्ण सावधानी से दर्ज एवं चेक कर लें। एक बार संशोधित ओ0टी0आर0 फार्म ''अपडेट'' करने के पश्चात आप दर्ज किये गये विवरण में कोई संशोधन नहीं कर पायेगें तथा पुनः संशोधन का कोई अवसर उपलब्ध नहीं होगा।

5– ओ0टी0आर0 पंजीकरण करने में आ रही किसी भी समस्या के निराकरण हेतु अभ्यर्थी इस हेल्प लाइन नम्बर -1800 9110 005 पर प्रातः 10 बजे से सांय 7 बजे के मध्य सम्पर्क कर सकते हैं।

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।